दिन– बुधवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 28／01／2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 15 मिनट

---

01. संसद का बजट सत्र आज राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के दोनों सदनों के संयुक्त संबोधन से शुरू होगा।

02. प्रदेश के सभी सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल और अन्य स्वास्थ्य संस्थानों में दलालों की गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए जांच दल का गठन किया जायेगा।

03. पटना उच्च न्यायालय ने कहा– भूमि के स्वामित्व का अंतिम फैसला सक्षम दीवानी अदालत ही कर सकती है।

04. और, मौसम विभाग ने आज पूर्वी चम्पारण, पश्चिमी चम्पारण, गोपालगंज, दरभंगा और समस्तीपुर समेत उत्तर बिहार के बारह जिलों में बारिश की सम्भावना जतायी।

————————————————————

संसद का बजट सत्र आज से शुरू होगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु संसद के दोनों सदनों – लोकसभा और राज्यसभा सदस्यों को संबोधित करेंगी। आर्थिक सर्वेक्षण कल पेश किया जाएगा जबकि केन्द्रीय बजट रविवार एक फरवरी को पेश होगा। बजट सत्र का पहला चरण आज से तेरह फरवरी तक चलेगा। दूसरा चरण नौ मार्च से दो अप्रैल तक आयोजित होगा। बजट सत्र के दौरान सदन की तीस बैठकें होंगी।

————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज समृद्धि यात्रा के तहत दरभंगा जिले का दौरा करेंगे। इस दौरान श्री कुमार एक सौ अड़तीस करोड़ रूपये लागत वाली नब्बे विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

–––रिपोर्ट–––

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज दरभंगा जिले को कई विकास योजनाओं की सौगात देंगे। श्री कुमार एक सौ पांच करोड़ रूपये लागत की पचास योजनाओं का शिलान्यास करेंगे। वहीं वे तैंतीस करोड़ रूपये लागत वाली चालीस योजनाओं का उद्घाटन करेंगे। श्री कुमार नवनिर्मित अन्तरराज्यीय बस अड्डे का उद्घाटन करेंगे। साथ ही वे दरभंगा हवाई अड्डे के निर्माणाधीन टर्मिनल का जायजा भी लेंगे। मुख्यमंत्री संवाद कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। श्री कुमार का अधिकारियों के साथ जिले में चल रही विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा का भी कार्यक्रम है। आकाशवाणी समाचार के लिए दरभंगा से मणिकांत झा।

————————————————————

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण आज से आधार की नई डिजिटल व्यवस्था–आधार एप की शुरूआत कर रहा है। इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रोद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव आज इस एप का लोकार्पण करेंगे। नई व्यवस्था के तहत अब लोगों को

फिजिकल आधार कार्ड लेकर चलने की जरूरत नहीं होगी। नया आधार एप ही लोगों की डिजिटल पहचान होगा। इस एप के जरिये क्यूआर कोड के माध्यम से किसी भी आधार कार्ड का तुरंत सत्यापन हो सकेगा। सत्यापन के दौरान लोगों को आधार में दर्ज पूरी जानकारी साझा करने की आवश्यकता नहीं होगी। इसके अलावा लोग नये एप के माध्यम से स्वयं अपने मोबाईल नम्बर, पता, नाम और ई–मेल आईडी में सुधार कर सकेंगे। नये एप में एक ही प्लेटफॉर्म पर परिवार के पांच सदस्यों की प्रोफाईल रखी जा सकेगी। आधार एप में फिंगर प्रिंट की जगह चेहरा पहचान तकनीक को प्राथमिकता दी गयी है।

———————————————————

पटना उच्च न्यायालय ने खगड़िया जिले में चल रहे विशेष भूमि सर्वेक्षण से जुड़े एक मामले में फैसला सुनाते हुये कहा है कि सर्वे के नाम पर रैयती अधिकार नहीं छिना जा सकता है। न्यायाधीश पूर्णेन्दु सिंह की एकल पीठ ने कहा कि भूमि का स्वामित्व केवल बिक्री विलेख और खतियान से निर्धारित नहीं किया जा सकता है। इसका अंतिम फैसला सिर्फ सक्षम दीवानी अदालत ही कर सकती है।

———————————————————

उपमुख्यमंत्री सह राजस्व और भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि ऑफलाईन भू–लगान रसीद जारी करने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि सरकार ने भू–लगान भुगतान और रसीद जारी करने की व्यवस्था को पूरी तरह से ऑनलाईन कर दिया है। यदि कहीं से ऑफलाईन रसीद जारी करने की पुष्टि होती है तो इसे गंभीर अनुशासनहीनता और आपराधिक कृत्य माना जायेगा। श्री सिन्हा ने बताया कि इस संबंध में विभागीय सचिव ने आदेश जारी कर दिया है। इधर, उपमुख्यमंत्री श्री सिन्हा आज गयाजी में भूमि सुधार जन कल्याण संवाद कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसमें रैयतों की समस्याएं सुनी जायेंगी और उसका समाधान किया जायेगा।

———————————————————

उपमुख्यमंत्री सह नगर विकास और आवास विभाग के मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि जिन नगर निकायों का क्षेत्र विस्तार या परिसीमन हुआ है वहां की समिति के कार्यकाल को बीच में भंग कर चुनाव नहीं कराया जायेगा। श्री सिन्हा ने पटना में नगर निकायों के पार्षदों के प्रतिनिधिमंडल को यह आश्वासन दिया।

———————————————————

प्रदेश के सभी सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल और अन्य स्वास्थ्य संस्थानों में दलालों की गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए जांच दल का गठन किया जायेगा। स्वास्थ्य विभाग के सचिव लोकेश कुमार सिंह ने इस संबंध में सभी जिलाधिकारियों को

आदेश जारी किया है। आदेश में कहा गया है कि जिला स्तरीय जांच दल का गठन जिलाधिकारी करेंगे और इसमें वरीय समाहर्ता स्तर के अधिकारी, अन्य वरीय पदाधिकारियों के अलावा स्वास्थ्य संस्थानों में कार्यरत चिकित्सा अधिकारी शामिल होंगे। यह जांच दल सरकारी अस्पतालों में दलालों की सक्रियता पर कार्रवाई करेगा।

———————————————————————

परिवहन विभाग ने आठवीं पास लोगों को कंडक्टर लाईसेंस जारी करने संबंधी आदेश जारी कर दिया है। यह आदेश आज से प्रभावी हो गया है। नई शैक्षणिक योग्यता के आधार पर कंडक्टर लाईसेंस के लिए सारथी पोर्टल पर आज से आवेदन किया जा सकता है।

———————————————————————

मौसम विभाग ने आज पूर्वी चम्पारण, पश्चिमी चम्पारण, गोपालगंज, दरभंगा और समस्तीपुर समेत उत्तर बिहार के बारह जिलों में बारिश की सम्भावना जतायी है। विभाग ने कहा है कि पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से उत्तर–पश्चिमी और उत्तर–मध्य भागों में बारिश की परिस्थितियां बन रही हैं।

———बाइट———

मौसम विभाग के अनुसार राज्य के कई स्थानों पर न्यूनतम तापमान में कमी दर्ज की गयी है। विभाग ने न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की और गिरावट का पूर्वानुमान जताया है। इधर, आज सुबह गयाजी में कुछ स्थानों पर घने कोहरे की स्थिति बनी रही।

———————————————————————

जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल ने कहा है कि नमामि गंगे मिशन के तहत बिहार में चार प्रदूषण नियंत्रण परियोजनाएं पूरी कर ली गयी हैं। श्री पाटिल नई दिल्ली में जलज आजीविका मिशन के अन्तर्गत पच्चीस नये केन्द्रों के उद्‌घाटन समारोह को संबोधित करने के दौरान ये जानकारी दी। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री ने वीडियो कांफ्रेंस के जरिये वैशाली जिले के हाजीपुर स्थित कोनहारा घाट में नये केन्द्र का उद्‌घाटन किया। साथ ही उन्होंने जलज सुदर्शन डॉल्फिन सफारी परियोजना के तहत दो जलज सफारी नौकाओं का लोकार्पण भी किया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह मौजूद थीं।

———————————————————————

पटना में नीट की तैयारी कर रही एक छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में छात्रा से जुड़े लोगों का डीएनए टेस्ट किया जायेगा। इसके लिए हॉस्टल के मकान मालिक और छात्रा के माता–पिता सहित पन्द्रह लोगों के ब्लड सैंपल

ले लिये गये हैं। इसके अलावा हॉस्टल आने–जाने वाले लोगों और छात्रा से फोन पर लम्बी बात करने वालों का भी डीएनए टेस्ट किया जायेगा। इधर, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने जहानाबाद जाकर मृत छात्रा के परिजनों से मुलाकात की और उन्हें न्याय का भरोसा दिया। श्री सिन्हा ने कहा कि इस मामले में जो भी संलिप्त होंगे उन पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

———बाईट———

————————————————————————

उच्चतम न्यायालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से एसिड हमले के मामलों की संख्या और अदालतों में उनकी स्थिति सहित कई तरह की जानकारी देने को कहा है। न्यायालय ने पीड़ितों की सहायता के लिए पुनर्वास उपायों की जानकारी देने के भी निर्देश दिए।

————————————————————————

पशु स्वास्थ्य और उत्पादन संस्थान ने कहा है कि बिहार में अभी बर्ड फ्लू का कोई मामला सामने नहीं आया है। लोगों से किसी प्रकार की अफवाह पर ध्यान नहीं देने की अपील की गयी है। पिछले दिनों पटना, दरभंगा और भागलपुर जिले में कई जगहों पर कौए मृत पाये गये थे। मृत कौए के नमूनों को वैज्ञानिक जांच के लिए कोलकाता भेजा गया था। जांच रिपोर्ट में मृत कौओ में बर्ड फ्लू की पुष्टि नहीं हुई है। हालांकि पटना स्थित संजय गांधी जैविक उद्यान समेत कई स्थानों पर एहतियातन सुरक्षा उपाय शुरू कर दिये गये हैं।

————————————————————————

कस्टम्स विभाग ने गया हवाई अड्डे पर अन्तरराष्ट्रीय ड्रग्स तस्करी के एक मामले का उद्‌भेदन करते हुये तैंतीस करोड़ रूपये मूल्य का विदेशी गांजा बरामद किया है। साथ ही पांच तस्करों की भी गिरफ्तारी हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गिरफ्तार तस्करों में दो महिला भी शामिल हैं। ये सभी थाई विमान से गया हवाई अड्डे पहुंचे थे। बरामद गांजे का वजन तैंतीस किलोग्राम है। इधर, पूर्वी चम्पारण जिले के हरपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने वाहन जांच अभियान के दौरान एक चारपहिया वाहन से लगभग तीन क्विंटल गांजा बरामद किया है। दूसरी तरफ, सहरसा रेलवे स्टेशन पर वैशाली एक्सप्रेस की एक बोगी से आरपीएफ ने छियालीस किलो गांजा बरामद किया है।

————————————————————————

आकांक्षी जिला अररिया में समग्र विकास सुनिश्चित करने के लिए सम्पूर्णता अभियान टू प्वांइट ओ का शुभारंभ किया गया। अभियान का उद्‌घाटन स्थानीय सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने किया।

———————————————————————

मुंगेर विश्वविद्यालय ने केरल के कोट्‌टायम स्थित भारतीय रबर अनुसंधान संस्थान और शिमला स्थित हिमालय वन अनुसंधान संस्थान के साथ एक त्रिपक्षीय समझौता किया है। इस समझौते के तहत मुंगेर में रबर की खेती को बढ़ावा दिया जायेगा।

———————————————————————

नई दिल्ली के दिल्ली हाट में कल अठारह देशों के विदेशी राजनयिकों ने पीएम विश्वकर्मा हाट दो हजार छब्बीस का विशेष दौरा किया। कार्यक्रम में भारत की विविध सांस्कृतिक विरासत प्रदर्शित करते हुए असम, राजस्थान, पंजाब और लद्दाख के सांस्कृ तिक कार्यक्रम पेश किए गए। अठारह जनवरी से आरंभ हुआ पीएम विश्वकर्मा हाट इकतीस जनवरी तक रोज़ाना सुबह साढ़े दस बजे से रात दस बजे तक लोगों के लिए खुला रहेगा।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग—अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिंदुस्तान की सुर्खी है— नीट छात्रा दुष्कर्म कांड में 40 की डीएनए जांच होगी।

दैनिक जागरण ने लिखा है— अमेरिका और चीन से तनाव के दौर में भारत और यूरोपीय यूनियन के बीच रणनीतिक गठजोड़, मदर ऑफ ऑल डील्स पर सहमति।

दैनिक भास्कर की बड़ी खबर है— सभी शनिवार को छुट्टी के लिए बैंक हड़ताल, पचास हजार करोड़ से ज्यादा का कारोबार प्रभावित।

प्रभात खबर ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हवाले से लिखा है— एजुकेशन सिटी बनाएंगे, हर प्रखंड में होगा आदर्श स्कूल व डिग्री कॉलेज।

लोकसभा के बजट सत्र की शुरुआत से जुड़ी खबर को राष्ट्रीय सागर ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है। अखबार लिखता है— सदन को चलाने में सभी दल सहयोग करें —रिजिजू।

आज अखबार समेत सभी समाचार पत्रों ने गणतंत्र दिवस समारोह से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. संसद का बजट सत्र आज राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के दोनों सदनों के संयुक्त संबोधन से शुरू होगा।

02. प्रदेश के सभी सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल और अन्य स्वास्थ्य संस्थानों में दलालों की गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए जांच दल का गठन किया जायेगा।

03. पटना उच्च न्यायालय ने कहा– भूमि के स्वामित्व का अंतिम फैसला सक्षम दीवानी अदालत ही कर सकती है।

04. और, मौसम विभाग ने आज पूर्वी चम्पारण, पश्चिमी चम्पारण, गोपालगंज, दरभंगा और समस्तीपुर समेत उत्तर बिहार के बारह जिलों में बारिश की सम्भावना जतायी।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।